बुद्धिमान सियार

(उत्प्रेरक कहानी)

7

एक घने *जंगल* में एक शेर रहता था। वह बहुत *भूखा* था। उसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था। घूमते-घूमते उसे एक गुफा दिखाई दी। वह गुफा में घुसकर *चुपचाप* बैठ गया। उसने सोचा जब इस *गुफा* में रहने वाला जानवर वापस आएगा तब मैं उसे मारकर खा लूँगा।

कुछ देर बाद सियार अपनी गुफा में लौटा। उसने गुफा के बाहर शेर के पंजों के निशान देखे। वह समझ गया कि शेर गुफा के अंदर बैठा है। उसने एक चाल चली। उसने बाहर से पुकारा– "ऐ गुफा! मैं आ गया हूँ। आज तुमने 'आइए सियार जी' कहकर मेरा स्वागत नहीं किया ?"

गुफा में बैठे शेर ने सोचा कि सचमुच यह गुफा रोज बोलती होगी। ऐसा न हो कि सियार वापस चला जाए।

वह गुफा के अंदर से बोला– "आइए सियार जी! आपका स्वागत है।"

जैसे ही सियार ने शेर की आवाज सुनी। वह वहाँ से जान बचाकर भाग गया। शेर गुफा में *इंतजार* ही करता रह गया।

शब्द-भंडार

जंगल — वन *(forest)*, भूखा — बिना कुछ खाए *(hunger)*, चुपचाप — शांत *(silence)*, गुफा — गुहा *(cave)*, इंतजार — प्रतीक्षा *(wait)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

जंगल भूखा शिकार सियार स्वागत इंतजार

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) जंगल में कौन रहता था?

(ख) कुछ देर बाद अपनी गुफा में कौन लौटा?

(ग) सियार ने गुफा से क्या कहा?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) शेर .... में रहता था।

☐ मैदान ☐ जंगल ☐ गुफा

(ख) सियार ने गुफा के बाहर शेर के .... के निशान देखे।

☐ हाथों ☐ नाखूनों ☐ पंजों

(ग) .... ने सोचा कि सचमुच गुफा रोज बोलती होगी।

☐ सियार ☐ शेर ☐ दोनों

2. किसने, किससे कहा?

	किसने	किससे
(क) "ऐ गुफा! मैं आ गया हूँ।"	....	....

(ख) "आइए सियार जी।" ....

(ग) "आपका स्वागत है।" ....

3. सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए–

(क) शेर बहुत भूखा था। ☐

(ख) शेर समझ गया था कि सियार गुफा के अंदर बैठा है। ☐

(ग) सियार वहाँ से जान बचाकर भाग गया था। ☐

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) किसे दो दिन से कोई शिकार नहीं मिला था?

....

(ख) शेर ने गुफा में छिपकर क्या सोचा?

....

(ग) दोनों जानवरों में से बुद्धिमान कौन था?

....

भाषा-ज्ञान

1. विलोम शब्द लिखिए–

(क) आगे - पीछे (ख) दाएँ - .... (ग) अमृत - ....

(घ) लड़का - .... (ङ) काला - .... (च) खुश - ....

2. समान तुक वाले एक-एक शब्द लिखिए–

(क) नीले - पीले (ख) काम - ....

(ग) फूल - .... (घ) छोटा - ....

(ङ) घर - .... (च) राजा - ....

क्रियात्मक गतिविधि

- जानवरों पर आधारित कोई दो चित्रकथाएँ पढ़ें तथा उन कथाओं का अपनी कक्षा में सस्वर वाचन करें।